आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत के अनुसंधान और विकास क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत करेंगे। साथ ही एक लाख करोड़ रूपये का आरडीआई योजना कोष भी लॉन्च करेंगे।

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव पखवाड़े की शुरूआत हुई। देश भर में जनजातीय संस्कृति और पराक्रम के उत्सव की होगी गूंज ।

- द्वीपसमूह के विद्युत विभाग ने नई क्षेत्रवार समय सारणी जारी की। अगले तीस दिनों तक जारी रहेगा नया बिजली कार्यक्रम।

- उत्तर अंडमान सागर में समुद्री तूफान आने की चेतावनी। मौसम विभाग द्वारा मछुआरों को सतर्क रहने की सलाह दी गई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह साढ़े नौ बजे नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव 2025 का उद्‌घाटन करेंगे और इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। देश के अनुसंधान एवं विकास क्षेत्र को सशक्त करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में प्रधानमंत्री 1 लाख करोड़ रूपये के रिसर्च, डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम फंड की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन में AI, क्वांटम तकनीक, ऊर्जा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और पर्यावरण जैसे 11 प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी।

><><><><><><>

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में एक नवम्बर से जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। इसका उद्देश्य जनजातीय नायकों के पराक्रम, संस्कृति और योगदान को राष्ट्रीय चेतना में लाना है। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस पखवाड़े को जन आंदोलन के रूप में मनाने का आह्वान किया है। देशभर में सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामुदायिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। जम्मू–कश्मीर में प्रधानमंत्री जनमन और धरती आबा पहल के तहत कार्यशालाएँ हुईं। गुजरात के एकता नगर में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें देशभर के शिक्षाविदों और जनजातीय नेताओं ने भाग

लिया। यह पखवाड़ा कार्यक्रम जनजातीय गौरव, स्वदेशी ज्ञान और सशक्तीकरण का प्रतीक है, जिसका समापन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में होगा।

><><><><><>

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2025–26 के तहत किसानों को कार्बन फाइबर टेलिस्कोपिक हार्वेस्टर खरीदने पर पचास प्रतिशत या अधिकतम तीस हजार रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी। यह हल्का, टिकाऊ उपकरण ऊँचे पेड़ों से फसल काटने में सुरक्षित और उपयोगी है। इसके लिए पात्र किसान कृषि उप–डिपो से आवेदन कर सकते हैं।

><><><><><>

आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का 67वां संस्करण कल से दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में शुरू हो गया। नई दिल्ली के आकाशवाणी के रंगभवन में बांसुरी वादक पंडित राकेश चौरसिया द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं, मराठी लोकसंगीत की प्रस्तुति नंदेश उमप द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 29 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान दिल्ली सहित देशभर के 24 शहरों में शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। जिसमें हिंदुस्तानी, कर्नाटक और विभिन्न लोकसंगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। सभी संगीत कार्यक्रम बिना किसी प्रवेश शुल्क के जनता के लिए खुले हुए हैं।

><><><><><>

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिला जेल, प्रातरापुर में कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम लगभग दो सौ कैदियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एम.जे. म्यूजिक अकादमी के कलाकारों ने एकता गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन प्रभारी जेलर विनोद कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

><><><><><>

अंडमान निकोबार ग्रामीण आजीविका मिशन तथा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद के संयुक्त प्रयास से इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर पर आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास सचिव राजेश चोपड़ा ने प्रतिभागियों से कार्यक्रम से मिली जानकारी

को जमीनी स्तर पर भी लागू करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में कई स्वयं सहायता समूह के सदस्यों व अधिकारियों ने भाग लिया।

><><><><><>

विद्युत विभाग ने उत्पादन क्षमता में कमी के कारण चल रहे लोड शेडिंग को तीन मेगावाट अतिरिक्त उत्पादन जोड़ने के बाद संशोधित किया है। इस संबंध में नई क्षेत्रवार समय–सारणी आज से अगले तीस दिनों तक लागू रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से बिजली बचाने और किफायती उपयोग करने की अपील की है।

><><><><><>

पूर्व–मध्य बंगाल की खाड़ी और म्यांमार तट के पास बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण आज से 5 नवम्बर तक उत्तर अंडमान सागर में 35 से 45 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से समुद्र की खराब स्थिति को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर समुद्रिका श्रमिक सहकारी समिति की ओर से पी.एम. श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गाराचरमा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या ज्योति तथा सहकारी विभाग के सहायक रजिस्ट्रार बशीर अहमद सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के बारे में जानकारी दी गई।

><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलेगा। बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर प्री–प्रिंटेड फॉर्म वितरित करेंगे और बाद में भरे हुए फॉर्म एकत्र करेंगे। इस चरण में किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने सभी मतदाताओं से सहयोग की अपील की है, ताकि निर्वाचन सूची सटीक और त्रुटिरहित रहे।

><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की प्रबंधन इकाई द्वारा द्वीप समूह के सभी जिलों में स्वास्थ्य खाता बनाने और स्कैन एंड शेयर सुविधा के उपयोग पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत बस अड्डों, अस्पतालों, विद्यालयों और पंचायतों में शिविर लगाकर नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ के बोर में जानकारी दी गई। यह पहल डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

><><><><><>

पशु संसाधन विभाग की ओर से बिल्लियों और कुत्तों के नसबंदी सर्जरी पर दो चरणों में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कोयंबटूर की वर्ल्डवाइड वेटरनरी सर्विसेज संस्था के विशेषज्ञ आज से सात नवम्बर तक श्री विजयपुरम व दस से चौदह नवम्बर को स्वराज द्वीप में प्रशिक्षण देंगे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आवारा पशुओं की नियंत्रण व्यवस्था को मजबूत करना है।

><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला संघ की ओर से राज्य टेबल टेनिस संघ के सहयोग से आठ एवं नौ नवम्बर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर व उप–जूनियर वर्गों में मुकाबले होंगे। पंजीकरण सात नवम्बर शाम पाँच बजे तक गूगल फॉर्म के माध्यम से भेजे जा सकते हैं।

><><><><><>

अंडमान निकोबार रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से मरीना पार्क रोड पर आठ और नौ नवम्बर को आठवीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। छह से अठारह वर्ष से अधिक आयु वर्गों में क्वाड व इनलाइन इवेंट होंगे। विजेताओं को चेन्नई में पाँच दिसम्बर से होने वाली तिरसठवीं राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए चयनित किया जाएगा।

><><><><><>